सार-समाचार

प्रतियोगिताओं का होगा आयोजन

सिवाना, (निसं)। कस्बे के सुथार समाज न्याति भवन अरट का जाव सिवाना में विश्वकर्मा जयंती पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन 29 जनवरी को प्रात: 11 बजे संरक्षक सेवानिवृत्त जिला शिक्षा अधिकारी जीवराज जांगिड की अध्यक्षता में होगा। जिसमें सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता ,मेहंदी प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। इसमें सुथार समाज के छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। इन प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को 3 फरवरी को सम्मानित किए जाएंगे। पिछले वर्ष 2021, 2022 में 10 वीं बोर्ड, 12वीं बोर्ड परीक्षा में छात्रों में से 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्राओं में से 70 प्रतिशत॰से अधिक अंक प्राप्त करने वाले अपनी अंक तालिका की छाया प्रति साथ लेकर आवे। प्रभारी रमेश कुमार जांगिड के पास 29 जनवरी को जमा करावे।

स्नेहमिलन समारोह आज

जालोर, (कासं)। सुन्धा माता मंदिर ट्रस्ट मामा खेजडा तलहटी (सुन्देशा गौत्र) का 13 वां वार्षिकोत्सव एवं स्नेह मिलन समारोह जलन्धरनाथ अखाडा गादीपति गंगानाथ महाराज, पिपलेश्वर महादेव मठ लेटा गादीपति रणछोड़ भारती महाराज व जागनाथ महादेव मठ नारणावास के गादीपति महेन्द्र भारती महाराज व योगी साईनाथजी महाराज के सानिध्य में गुरूवार को धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। सुन्धा माता मन्दिर ट्रस्ट अध्यक्ष हुक्मीचंद माली ने बताया कि वार्षिक उत्सव एवं स्नेहमिलन समारोह को लेकर निज मंदिर को रंग बिरंगी रोशनी से सजाया गया है। माली ने बताया कि गुरूवार को प्रात 10 बजे माताजी की महाआरती व श्रृंगार किया जायेगा। तथा भजन किर्तन व साधुसंतों का लाभार्थी परिवार द्वारा बहुमान किया जायेगा। तथा समारोह के दौरान भजन किर्तन का भी आयोजन होगा। जिसमें भजन गायक रमेश लौहार एण्ड पार्टी द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। तथा भक्तों के लिए महाप्रसादी का आयोजन किया जायेगा।

कार्यक्रम में झलका भारी उत्साह

सिवाना, (निसं)। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय संख्या नंबर दो पुरोहितों का वास सिवाना प्रांगण में बुधवार को वार्षिक उत्सव भामाशाह एवं पूर्व विद्यार्थी सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विधायक हमीरसिंह भायल ने कहा की शिक्षा जीवन में अति आवश्यक है। इस अवसर पर विधायक ने विद्यालय में मंच निर्माण की घोषणा की। इसी क्रम में जिला परिषद सदस्य गरिमा राजपुरोहित ने कहा की शिक्षा के क्षेत्र में कड़ी मेहनत व लग्न के साथ बालिकाएं आगे बढ़कर देश का नाम रोशन करें। वर्तमान समय शिक्षा का है। बालिका अधिक से अधिक शिक्षा प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन करें। वर्तमान समय में शिक्षा अति आवश्यक है। बालिकाए शिक्षा के साथ में खेल प्रतियोगिताओं में भी भाग लेवे। कार्यक्रम में छात्र छात्राओं ने शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करते हुए खूब वाहवाही लूटी। इस अवसर पर पीईईओ सांवलाराम प्रजापत चेयरमैन रामनिवास आचार्य, प्रधानाचार्य धर्मेंद्र कुमार दवे सहित ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य धर्मेंद्र कुमार दवे ने प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए आभार व्यक्त किया। मंच का संचालन ईश्वरसिंह ने किया।

मतदाता दिवस पर दिलाई शपथ

बाप, (निसं)। उपखंड अधिकारी कार्यालय परिसर में उपखंड अधिकारी मांगीलाल की अध्यक्षता में बुधवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। उपखंड अधिकारी मांगीलाल ने मतदान करने की शपथ दिलाई तथा कहा कि लोकतंत्र में मतदान की भूमिका प्रमुख है। निष्पक्ष निर्भीक होकर जाति वर्ग और धर्म से ऊपर उठकर अनिवार्य रूप से सभी मतदान करें। राजकीय महाविद्यालय बाप में एनएसएस के संयुक्त तत्वावधान में मतदाता दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर बोलते हुए प्रोफेसर डॉ. योगेश शर्मा ने कहा कि किसी भी लोकतांत्रिक देश में सरकार बनाने में मतदाताओं की अहम भूमिका होती है। मतदाता अपने कीमती वोट से किसी भी पार्टी को पांच साल के लिए चुनकर सत्ता में लाता है, जो सरकार बनकर देश का सर्वांगीण विकास करती है। तृतीय वर्ष की छात्रा चंचल कुमावत ने भारतीय चुनाव आयोग की संपूर्ण प्रक्रिया बताते हुए अधिकाधिक महिलाओं को मतदान में बढ-चढकर भाग लेने का आव्हान किया।

रेवदर में मतदाता दिवस समारोह हुआ

रेवदर, (निसं)। 25 जनवरी, को भाग (148) विधानसभा मुख्यालय पर उपखण्ड अधिकारी दुदाराम हुड्डा रेवदर की अध्यक्षता में महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय रेवदर के प्रांगण में राष्ट्रीय मतदाता दिवस को समारोह पूर्वक आयोजित किया गया। समारोह में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी रेवदर द्वारा मतदाता शपथ दिलवाई गई एवं समारोह में नव पंजीकृत मतदाताओं को सम्मानित किया गया। साथ ही चुनाव के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों , कार्मिको एवं बी.एल.ओ. को जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा दिये गये प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। वही मतदाता सूची में योग्य मतदाताओं का शत प्रतिशत पंजीकरण करवाने एवं मतदान में शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक निर्देश व जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान उपखण्ड अधिकारी दुदाराम हुड्डा रेवदर, जगदीश कुमार विश्नोई तहसीलदार रेवदर , राधिका बैन प्रधान रेवदर, अजबाराम स्थानीय ग्राम पंचायत सरपंच, रफीक महोमद नायब तहसीलदार रेवदर, स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य अरविन्दसिंह, प्रकाश कुमार चुनाव लिपिक रेवदर व सम्मानित होने वाले अधिकारी कर्मचारी बी.एल.ओ, स्थानीय सुपरवाईजर एवं नव पंजीकृत मतदाता आदि उपस्थित रहे।

नवीन भवन के लिए भूमि पूजन किया

रेवदर, (निसं)। पंचायत समिति के ग्राम पंचायत हरणी अमरापुरा के नये भवन निर्माण के लिए बुधवार को भूमि पुजन व शिलान्यास किया गया। शिलान्यास कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रेवदर विकास अधिकारी आवडदान, ग्राम हरनी अमरापुरा सरपंच फैंसी देवी व उपसरपंच बलवंत सिंह देवडा, पंचायत समिति सदस्य सुरता राम देवासी व पंचायत समिति कनिष्ठ अभियंता महेंद्र कुमार व ग्राम विकास अधिकारी राजकुमार व राजुराम कोली रहे।

दो की मौत

जोधपुर, (कासं)। जिले के ठाामीण क्षेत्रों में फसलों पर कीटनाशक छिडक़ाव करते बेहोश होने से बीमार दो लोगों की मौत हो गई। इसमें एक महिला है। संबंधित थाना पुलिस ने मर्ग दर्ज किए है। मतोड़ा पुलिस ने बताया कि भोपालगढ के झालामलिया निवासी मोहनराम पुत्र कोजाराम जाट ने रिपोर्ट दी।

वीरवर राव चन्द्रसेन शोध पीठ शुरू

जोधपुर, (कासं)। इतिहास विभाग जय नारायण व्यास, जोधपुर एवं महाराजा मानसिंह पुस्तक प्रकाश शोध केन्द्र, मेहरानगढ म्यूजियम ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में इतिहास विभाग-भाषा प्रकोष्ठ में गठित "वीरवर राव चन्द्रसेन शोध पीठ" का उद्घाटन आज जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के.एल. श्रीवास्तव द्वारा न्यू कैम्पस स्थित इतिहास विभाग के भाषा प्रकोष्ठ (लेग्वेज विंग) में किया गया।

राव चन्द्रसेन शोध पीठ की निदेशक प्रो. सुशीला शक्तावत ने बताया कि अतिथियों द्वारा शोध पीठ के कार्यालय के उद्घाटन के पश्चात् आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रो. के.एल. श्रीवास्तव ने कहा कि आज बहुत ही महत्त्वपूर्ण दिन है जब वीरवर राव चन्द्रसेन शोध पीठ का गठन विश्वविद्यालय में हुआ और विश्वविद्यालय के शिक्षकों और शोधार्थियों के लिए शोध के लिए नवीन मार्ग प्रशस्त होंगे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कला संकाय के अधिष्ठाता प्रो. के.एल. रैगर ने कहा कि कला संकाय में वीर राव चन्द्रसेन शोध पीठ की स्थापना से संघर्षमय जीवन जीने वाले व्यक्तित्व से शोधार्थियों और विद्यार्थियों को प्रेरणा लेनी चाहिए।

उन्होंने बताया वीरवर संघर्षमयी जीवन के बावजूद भी अपने लक्ष्य से पीछे नहीं हठे।

कार्यक्रम में डॉ. महेन्द्रसिंह तंवर ने राव चन्द्रसेनजी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला और महाराजा मानसिंह शोध केन्द्र में उपलब्ध महत्त्वपूर्ण सामग्री से अवगत कराया और कहा कि शोध केन्द्र इस पीठ हेतु हर संभव मदद भविष्य में करता रहेगा और साझेदारी में कई कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

महाराजा मानसिंह पुस्तक प्रकाश के सहायक निदेशक डॉ. महेन्द्रसिंह तंवर ने बताया कि कार्यक्रम के प्रारम्भ में सभी अतिथियों का माल्यार्पण एवं साफा पहनाकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात् शोध पीठ की निदेशक प्रो. सुशीला शक्तावत ने अपने स्वागत उद्बोधन में अतिथियों का स्वागत करते हुए शोध पीठ के उद्देश्यों के बारे में विस्तार से जानकारी उपलब्ध करवाई और कहा कि इस शोध पीठ में कला संकाय और विश्वविद्यालय के प्रत्येक विभाग शोध हेतु उपस्थित होकर कार्य कर सकते हैं और सभी के सम्मिलित प्रयासों से हम इस शोध पीठ के लिए नवीन आयाम स्थापित करेंगे।

कार्यक्रम के अन्त में सभी अतिथियों को स्मृति चिह्न प्रदान किये गये।

इस कार्यक्रम में प्रो. कल्पना पुरोहित, प्रो. सतीश हरित, प्रो. कांता कटारिया, प्रो. मीना वरडिया, प्रो. रेणु शर्मा, प्रो. महिपालसिंह राठौड, डॉ. रश्मि मीणा, डॉ. भवानीसिंह राजपुरोहित, डॉ. दिनेश राठी, डॉ. सुरेश कुमार, डॉ. भरत देवडा, डॉ. ललित पंवार, डॉ. प्रतिभा सांखला इत्यादि सहित अनेक विभाग के विभागाध्यक्ष एवं शिक्षक, शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। अन्त में कार्यक्रम संचालक डॉ. ललित पंवार ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

13वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम संपन्न

जालोर, (कासं)। 13वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को जिला परिषद सभा भवन, जालोर में जिला स्तरीय कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

जालोर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी दौलतराम चौधरी ने लोकतंत्र को मजबूत बनाने का आह्वान करते हुए चुनाव प्रक्रिया में मतदाता सूची की महत्वता की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन पुखसिंह भाटी ने किया। कार्यक्रम के दौरान एसएसआर-2023 एवं मतदाता पत्र को आधार से जोड़ने के कार्य में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 20 बीएलओ व सुपरवाईजरों को सम्मानित किया गया। जिला स्तर पर आहोर विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ राउप्रावि मेघवालों का वास आहोर के अध्यापक प्रकाश कुमार व राउप्रावि मेवासा, भाद्राजून के अध्यापक कानाराम, जालोर विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ राउप्रावि लालपोल जालोर के अध्यापक राजेश कुमार बालोत व सुपरवाईजर पांथेडी के भू.अ.निरीक्षक सुखराज सिंह राजपुरोहित, भीनमाल विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ राउप्रावि वाडा नया (बागोडा) के अध्यापक सांवलाराम व राउमावि भागलभीम के अध्यापक श्रवण कुमार, सांचौर विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ राउमावि सेसावा के अध्यापक मालाराम व राउप्रावि बागली के अध्यापक ओमप्रकाश तथा रानीवाडा विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ राउमावि पावली के अध्यापक चेनाराम व राप्रावि खोटापा नाडी के प्रबोधक जेठाराम परमार को योग्यता प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

विश्वकर्मा जयंती पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का होगा आयोजन

सिवाना, (निसं)। कस्बे के सुथार समाज न्याति भवन अरट का जाव सिवाना में विश्वकर्मा जयंती पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन 29 जनवरी को प्रात: 11 बजे संरक्षक सेवानिवृत्त जिला शिक्षा अधिकारी जीवराज जांगिड की अध्यक्षता में होगा। जिसमें सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता ,मेहंदी प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा।

कार्यालय ग्राम पंचायत लेटा पंचायत समिति जालोर

क्रमांक/ग्रापं. लेटा/2022-23/21 दिनांक: 25.01.2023

निविदा सूचना संख्या 03/2022-23

पंचायत समिति जालोर के अधीनस्थ ग्राम पंचायत लेटा द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियम 181 के तहत (संशोधित) पंचायती राज विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नगर निगम एवं राज्य सरकार के अधिकृत सक्षम श्रेणी के संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में मोहरबंद निविदाएं कार्य के सामने अंकित तिथि को 5.00PM बजे तक ग्राम पंचायत में बेची जाकर कार्य के सामने अंकित तिथि को 11.00AM बजे तक संबंधित ग्राम पंचायत के सचिव द्वारा प्राप्त की जाकर दिनांक 02.02.2023 को पंचायत स्तरीय क्रय कमेटी के समक्ष 4.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के एवं उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएगी। पंजीकृत संवेदकों द्वारा शर्तो के अनुरूप दस्तावेज प्रस्तुत करने पर निर्धारित निविदा शुल्क जमा कराकर ही निविदा प्राप्त के साथ अमानत राशि का डिमांड ड्राफ्ट अलग-अलग कार्य का अलग-अलग लिफाफें में "सरपंच ग्राम पंचायत लेटा, पंचायत समिति जालोर जिला जालोर के पक्ष में स्थानीय शाखा में देय हो" प्रस्तुत करना होगा। निविदा की शर्ते (परिशिष्ट-3) जी-शिड्यूल के साथ ही दी जावेगी। संवेदक द्वारा दी गई कोई शर्त मान्य नही होगी। यदि निविदा प्राप्ति तिथि को राजकीय अवकाश होगा तो आगामी कार्य दिवस को निविदा विक्रय एवं प्राप्त की जावेगी। निविदा बेचने जमा करवाने/खोलने एवं निविदा शर्ते आदि सबंधित समस्त विवरण संबंधित ग्राम पंचायत के कार्यालय समय में एवं वेब साईट http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जिला जालोर होगा।

क्रं. स.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत रू.	निविदा शुल्क	अमानत राशि	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा विक्रय अंतिम तिथि एवं समय	निविदा प्राप्ति तिथि एवं समय
1	उप स्वास्थ्य केन्द्र लेटा की अपूर्ण चार दिवारी निर्माण कार्य	500000	200	10000	3 माह	दिनांक 01/02/2023 को सांय 5.00 बजे तक	दिनांक 02/02/2023 को 11.00AM बजे तक
2	चार दिवारी निर्माण कार्य पटवार भवन लेटा	500000	200	10000	3 माह		
3	नाला निर्माण कार्य इच्छापूर्ण हनुमानजी से पानी की प्याउ की ओर बस स्टैड लेटा	265000	200	5300	2 माह		

नियम व शर्ते :-
1. डाक व ई-मेल के द्वारा भेजी गई निविदा स्वीकार नही की जाएगी।
2. बोली को बिना कारण बताए स्वीकृत/अस्वीकृत या रद्द करने का अधिकार उपापन कमेटी के पास सुरक्षित रहेगा।

सरपंच
ग्राम पंचायत लेटा

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत लेटा

कार्यालय पंचायत समिति आहोर, जिला जालोर (राज.)

क्रमांक/पंसआ/सामान्य/2022-23/927-36 दिनांक 24.01.2023

पंचायत समिति आहोर के समस्त नागरिकों को 26 जनवरी 2023 गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ

अपील

- स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत आस-पास के परिसर को साफ सुथरा रखे एवं शैचालय का नियमित उपयोग करें।
- प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण
- ग्रामीण पोप योजना
- मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना
- पालनहार योजना/मुख्यमंत्री कन्यादान हथलेवा योजना
- सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना
- महात्मा गांधी नरेगा योजना
- जन आधार योजना
- मुख्यमंत्री ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना
- लोक सेवाओं के प्रदान कि गारंटी अधिनियम/सुनवाई का अधिकार अधिनियम
- श्रमिक हिताधिकारी योजना/ई-श्रम पंजीयन

उपरोक्त योजनाओं का लाभ लेने के लिये पंचायत समिति या ग्राम पंचायत के राजीव गाँधी सेवा केन्द्र व ई-मित्र पर नियमानुसार आवेदन कर जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करें।

संतोष कँवर चान्दराई
प्रधान
पंचायत समिति आहोर

मंछाराम (RRDS)
विकास अधिकारी
पंचायत समिति आहोर

सौजन्य :- समस्त जिला परिषद सदस्यगण/पंचायत समिति सदस्यगण/पंचायत समिति सरपंचगण/वार्डपंचगण/पंचायत समिति का सम्पूर्ण स्टाफ/ एम.जी. नरेगा का समस्त स्टाफ पंचायत समिति आहोर।

कॉन्फ्रेंस कल से

जालोर, (कासं)। जिले के जालोर, सांचेर,रानीवाडा, भींनमाल, आहोर के क्लबों के सदस्य जयपुर में होने वाली कांफ्रेंस में भाग लेंगे।

जिसको लेकर क्लब में बैठक आयोजित कर तैयारियां को लेकर चर्चा की गई। कांफ्रेंस को लेकर सदस्यों में काफी उत्साह देखा जा रहा है।

कॉन्फ्रेंस चेयरमैन डूंगरसिंह मंडलावत ने बताया कि प्रांतपाल डॉ. बलवंत सिंह चिराना के नेतृत्व में रोटरी कॉन्फ्रेंस आयोजित हो रही हैं। यह एक रोटरी का महाकुंभ है,जहां प्रांत के सभी क्लबों से रोटरी सदस्य शरीक होते हैं और रोटरी संबंधित जानकारियां अपडेट करते हुए आपसी मेलजोल व भाईचारा बढाते हैं।

तकरीबन 1500॰सदस्य गुजरात, राजस्थान से आने की उम्मीद है। कॉन्फ्रेंस चेयरमैन विशाल गुप्ता के अनुसार यह महाकुंभ इस वर्ष रोटरी क्लब जयपुर क्राउन आयोजित कर रहा है। जिसके उद्घाटन में उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड के आने की संभावना है। प्रांतीय सचिव नीरज अग्रवाल के अनुसार उद्घाटन समारोह में केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत,एवं रोटरी अंतरराष्ट्रीय के पूर्व अध्यक्ष शेखर मेहता करेंगे।

कार्यालय पंचायत समिति सम, मुख्यालय जैसलमेर



मुख्यमंत्री ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, राजस्थान, पूर्णत: राज्य मद से संचालित योजना के तहत वर्ष 2022-23 में महानरेगा योजनान्तर्गत 100दिवस का रोजगार पूर्ण करने वाले परिवारों को अतिरिक्त 25 दिवस का रोजगार

मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना, सरकारी एवं निजी चिकित्सालयों में नि:शुल्क उपचार । उक्त योजनान्तर्गत राष्ट्रिय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) में चयनित परिवार, सामाजिक, आर्थिक एवं जाति आधारित जनगणना (सेक-2011) के अंतर्गत पात्र परिवार, बजट घोषणा 2021-22 के अनुसार समस्त दिव्यांगों में कार्यरत संविदा कार्मिक तथा लघु एवं सीमान्त कृषक तथा कोविड- 19 अनुगृह राशि प्राप्त परिवारों को नि:शुल्क एवं शेष परिवारों को प्रीमियम दर का 50 प्रतिशत (850/- रूपये प्रति परिवार प्रति वर्ष) का भुगतान कर सम्मिलित किया गया है। 31 जनवरी, 2023 तक बीमा करवाने वाले परिवारों को 01 फरवरी से योजनान्तर्गत लाभ देय। 3 . दिनांक 26 जनवरी 2023 को ग्राम सभा में भाग लेकर अपनी भागीदारी निभायें। 4. माननीय मुख्यमंत्री महोदय, राजस्थान द्वारा राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजनाएं यथा मुख्यमंत्री नि:शुल्क निरोगी राजस्थान, मुख्यमंत्री कन्यादान / हथलेवा, पालनहार, राजस्थान जन आधार, महात्मा गाँधी राजकीय (अंग्रेजी माध्यम) विद्यालय, मिड-डे-मील, मुख्यमंत्री किसान मित्र ऊर्जा, आई एम शक्ति उडान, इंदिरा गाँधी मातृत्व पोषण इत्यादि योजनाओं का लाभ उठायें। 5. स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण में सामुदायिक शौचालय, घर-घर कचरा संग्रहण और गांव को स्वच्छ रखने में सहयोग प्रदान करें। 6. ओडीएफ प्लस ग्राम के रूप में विकसित करने हेतु ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन क्रियान्वयन के तहत पंचायत समिति के समस्त ग्रामों को किये जाने का लक्ष्य 7. प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का लाभ उठायें। 8. जन्म, मृत्यु और विवाह पंजीयन अवश्य करवायें। 9. प्रत्येक गुरुवार को आयोजित रोजगार दिवस में प्रपत्र-6 में आवेदन महात्मा गाँधी नरेगा योजना में 100दिवस के रोजगार प्राप्त करें।

(रामनिवास बाबल) विकास अधिकारी
पंचायत समिति सदस्य सरपंचगण पंचायत समिति सम
(तने सिंह सोढा) प्रधान